# वैश्विक पहचान की कगार पर भारतीय सिनेमा : दीपिका



बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री दीपिका पादुकोण का मानना है कि भारतीय सिनेमा को वैश्विक तौर पर जल्द ही पहचान मिलेगी। इस साल की शुरुआत में दीपिका को मुंबई एकेडमी ऑफ मूविंग इमेज (एमएएमआई) का चेयरपर्सन नियुक्त किया गया था। दीपिका ने कहा, मैं इस पद पर बैठने के लिए इसलिए सहमत हुई क्योंकि मुझे लगता है कि युवाओं का ऐसे संगठनों, आंदोलनों या चीजों का हिस्सा होना महत्वपूर्ण है जो वास्तव में बदलाव लाते हैं। भविष्य हमारे हाथों में ही है। मैं समझती हूं कि भारतीय सिनेमा को वैश्विक तौर पर जल्द ही पहचान मिलेगी और मुझे उम्मीद है कि हम इसे नए स्तर पर लेकर जाने में कामयाब हो पाएंगे। दीपिका यहां आयोजित हुए जी सिने अवॉर्ड्स-2019 के दौरान मीडिया से बातचीत कर रही थी। उन्होंने यह भी कहा कि वह अपनी अगली फिल्म छपाक की शूटिंग के लिए जल्द ही दिल्ली रवाना होंगी।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

# पानीपत में संजय दत्त पहनेंगे 35 किलो का कवच!




ऐक्टर संजय दत्त इन दिनों फिल्म कलंक के प्रमोशन में बिजी होने के साथ ही आशुतोष गोवारिकर की अपकमिंग फिल्म पानीपत की शूटिंग भी कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार वह इन दिनों जयपुर में फिल्म के लिए अपने सीन्स को शूट कर रहे हैं। इस बीच संजय दत्त के किरदार के पहनावे के वजन से जुड़ी खबर लोगों को हैरान कर रही है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म में अफगान किंग अहमद शाहर दुर्रानी का किरदार निभा रहे संजय दत्त 35 किलो का कवच पहने नजर आएंगे। इस कवच में फिट होने के लिए संजय जमकर वर्कआउट भी कर रहे हैं। यहां तक कि शूटिंग के दौरान भी समय निकालकर वह जिम जा रहे हैं।

**खास जिम हुई तैयार**

जयपुर में संजय दत्त ने शूटिंग की जगह पर ही खास जिम बनवाया है। यहां पर उनके पर्सनल इक्विप्मेन्ट भी मुंबई से लाए गए हैं। शॉट्स और पैकअप के बीच में समय निकालते हुए वह वर्कआउट करते हैं। यह जिम भले ही खास संजय के लिए बनाया गया हो, लेकिन इसे वह अन्य कास्ट और क्रू मेंबर्स को भी यूज करने देते हैं। कहा जा रहा है कि कवच खासतौर से सिर्फ संजय की बॉडी के लिए ही बनवाया गया है। ऐसे में उसे पहनकर अपने सीन को परफेक्ट बनाने के लिए यह ऐक्टर भी कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। बता दें कि, संजय दत्त के अलावा फिल्म पानीपत में अर्जुन कपूर, कृति सैनन, पद्मिनी कोल्हापुरी और मोहनीश बहल अहम रोल में दिखेंगे। इसके साथ ही संजय दत्त की फिल्म कलंक अप्रैल में रिलीज होने वाली है।


# ऐक्ट्रेस पूजा हेगड़े से हारे अक्षय कुमार



ऐक्टर अक्षय कुमार शूटिंग के दौरान फिल्म के सेट्स पर अपने को-स्टार्स के साथ मजाक-मस्ती करते रहते हैं। वह सेट पर गेम्स भी खेलते हैं, जिसमें उनसे जीत पाना काफी मुश्किल है। अक्षय से हारने वालों में ऐक्टर रितेश देशमुख भी हैं जिन्होंने हाल ही में ट्विटर के जरिए अपने हारने की बात मानी थी। वहीं अब ऐक्ट्रेस पूजा हेगड़े ने ट्वीट कर जानकारी दी है कि हमेशा जीतने वाले अक्षय कुमार को वह एक बार नहीं बल्कि दो बार हरा चुकी हैं।

दरअसल, अक्षय को लेकर रितेश देशमुख के जरिए किए गए एक ट्वीट पर ही पूजा हेगड़े ने रिप्लाई करते हुए अपनी जीत की बात बताई थी। उन्होंने अक्षय और रितेश को चिढ़ाते हुए ट्वीट किया हालांकि एक खूबसूरत दिन जब मैंने अक्षय कुमार को लूडो में दो बार हरा दिया था। यह मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि में से एक है। इसके जवाब में अक्षय ने मजाकिया लहजे में तंज कसते हुए लिखा, इस रेकॉर्ड को बचाकर रखें, क्योंकि हाउसफुल 4 के प्रमोशन जल्द शुरू होने वाले हैं।

रितेश देशमुख ने भी पूजा की खिंचाई करते हुए ट्वीट किया डियर मिस पूजा हेगड़े अक्षय कुमार एक नॉर्मल गेम हारे हैं। हाउसफुल 4 के प्रमोशन के दौरान गेम पैसों पर होगा। उसमें जीतने की कोशिश करना। बता दें कि, फिल्म हाउसफुल 4 अक्षय कुमार, रितेश देशमुख, कृति सैनन, बॉबी देओल, कृति सैनन, पूजा



हेगड़े जैसे सितारे नजर आएंगे। यह फिल्म दिवाली 2019 को रिलीज की जाएगी।

# बॉलिवुड में भयंकर रिजेक्ट हुई हूं: शिल्पा



बॉलिवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी कहती हैं कि फिल्म इंडस्ट्री में लगातार कई सालों तक वह रिजेक्शन झेलने के बाद भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी, लगातार काम करती रहीं और इसी चक्कर में बिग ब्रदर जैसा बड़ा मौका हाथ लगा। शिल्पा की मानें तो अगर वह बॉलिवुड में रिजेक्ट न होतीं, तो बिग ब्रदर के लिए इंटरनैशनल मंच पर जानें की बात कभी न सोचती।

शिल्पा कहती हैं, मुझे लगता है, ऐसा कोई सक्सेसफुल बंदा होगा ही नहीं, जिसने जिंदगी में कभी रिजेक्शन फेस न किया हो। जो उच्चकोटि के कलाकार होते हैं, उन्हें भूख होती है और जितना वह रिजेक्ट होते हैं, उतने ज्यादा फोर्स के साथ काम करते हैं। मैं भी अपनी जिंदगी में भयंकर रिजेक्ट हुई हूं, बिग ब्रदर के अलावा मैंने कभी भी अपनी जिंदगी में कोई भी कॉम्पिटिशन जीता नहीं है। मैं बार-बार रिजेक्ट होने के बाद सोचती कि मैं मेहनत बहुत करती हूं, अपना काम भी गिरते-पड़ते कर ही लेती हूं। शिल्पा बताती हैं, आज जब मैं 25 साल पुरानी अपनी फिल्में देखती हूं तो सोफे के पीछे छुप जाती हूं। लाल लिपस्टिक, गोल्डन बाल और ब्लू लेंस। इन सब के बाउजूद मुझे समझ में नहीं आता कि लोगों ने मुझे कैसे काम के इतने सारे मौके दिए। इसलिए मैं बार-बार कहती हूं, हम किस्मत वाले हैं और ब्लेस्ड हैं। धड़कन और फिर मिलेंगे जैसी फिल्मों के बाद भी किसी तरह का कोई अवॉर्ड न मिलने पर अपनी फीलिंग के बारे में शिल्पा बताती हैं, करियर की शुरुआत में मुझे एक फिल्म मिली थी, जो कभी नहीं बनीं, लेकिन बाद में मुझे बाजीगर में कास्ट कर लिया गया। फिल्म भी हिट हो गई, लेकिन उसके बाद भी मुझे बेहतरीन रोल नहीं मिला। मैं फेमस हो गई थी क्योंकि फिल्म में मेरा गाना खूब पॉप्युलर हो गया था।मुझे ऐसा नहीं महसूस हो रहा था कि लोगों ने मुझे एक ऐक्टर के तौर पर अपनाया है। धड़कन और फिर मिलेंगे हिरोइन ओरिएंटड रोल करने के बाद भी मुझे कोई अवॉर्ड नहीं मिला था, तब मैंने खुद को बहुत ज्यादा रिजेक्टड फील किया था।

मैंने लगातार काम करना जारी रखा, क्योंकि मुझे काम की भूख थी। मैं मिडल क्लास परिवार से थी, तो मुझे भी बेहतर घर, लाइफ स्टाइल की चाह थी। मैंने जब करियर की शुरुआत की थी तो सिर्फ 17 साल की थी। खैर, बाद में मुझे इंटरनैशनल प्लेटफॉर्म का बड़ा शो बिग ब्रदर मिला और मेरी किस्मत बदल गई। बिग ब्रदर के ऑफर और शो का हिस्सा बनने के बारे में शिल्पा ने बताया, मैं उन दिनों सनी देओल, बॉबी देओल और धरम जी के साथ फिल्म अपने की शूटिंग कर रही थी, तभी मुझे बिग ब्रदर के लिए बुलावा आया। यहां इतना ज्यादा रिजेक्शन मिल चुका था कि मैंने सोचा, यहां (देश) से कटऑफ करके बाहर भी काम किया जाए। वैसे भी बिग ब्रदर वाले मुझे अच्छा पैसा दे रहे थे और मैं अकेली इंडियन थी, जो शो में जा रही थी। मैंने सोचा तीन हफ्तों में वहां से भी रिजेक्ट होकर आ जाऊंगी, लेकिन मेरे बैंक अकाउंट में 3 करोड़ रुपए तो आ जाएंगे।सचमुच मैं इसी माइंडसेट के साथ बिग ब्रदर में गई थी और हर हफ्ते मैं रिजेक्टड और ऑउट होने के लिए तैयार रहती थी, इस चक्कर में और मजबूत प्रतियोगी बनती जा रही थी। शो जीतने के बाद मैं शॉक्ड थी। अपनी जिंदगी के सभी रिजेक्शन को धन्यवाद करती हूं।